एक नजर में

## विद्यार्थियों को फिल्मों के माध्यम से दिया प्रशिक्षण



**इंदौर.** श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एड्यूफ्लीक्स 2026 लर्निंग थ्रू मूवीज प्रतियोगिता आयोजित की. इसमें 384 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 11 टीमों के 44 विद्यार्थियों ने फाइनल में जगह बनाई. प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में तुम्बाड टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भावेश जोशी टीम उपविजेता रही. कार्यक्रम से पहले 15 दिनों की प्रशिक्षण कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों को फिल्मों के माध्यम से मैनेजमेंट कॉन्सेप्ट, क्रिएटिव एनालिसिस और प्रेजेंटेशन स्किल्स का प्रशिक्षण दिया. निर्णायक मंडल में अभिषेक नांदेड़कर तथा यशवंत दास महंत शामिल रहे. उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रस्तुति कौशल की सराहना की. संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया और अनुभव ही वास्तविक सफलता है. कार्यक्रम में डॉ. दीप्ति तलरेजा ने आभार माना, डॉ. क्षमा पैठणकर, डॉ. दीपा कटियाल, डॉ. मंदीप गिल सहित प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे. संचालन बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया तथा सहसमन्वयक सुश्री आयुषी रावल रहीं.

## अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ की कार्यकारिणी निर्विरोध चयनित



**इंदौर.** श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ की वर्ष 2026-28 की नई कार्यकारिणी का गठन विज्ञान नगर स्थित नवनीत गार्डन पर आयोजित समाजबंधुओं की बैठक में किया गया. सर्वसम्मति से हुए चुनाव में महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल ने नई कार्यकारिणी में मनोज अग्रवाल को अध्यक्ष, विष्णु गोयल को महामंत्री एवं पिंकेश मोदी को संयोजक नियुक्त किया है। सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव का यह एक अनुकरणीय उदाहरण माना जा रहा है. निवृतमान अध्यक्ष संजय गोयनका, पूर्व अध्यक्ष शिव गर्ग एवं सुरेश गुप्ता ने बताया कि अन्य पदाधिकारियों में सीए मनीष अग्रवाल कोषाध्यक्ष, प्रतीक गोयल उपाध्यक्ष, श्रीमती मुक्ति-गोपाल अग्रवाल महिला उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र गर्ग सहमंत्री एवं अभिषेक सोंथलिया प्रचार मंत्री नियुक्त किए गए. कार्यकारिणी में मनोज गुप्ता, दिनेश गर्ग, अनिल अग्रवाल सराफा, दिनेश गर्ग विज्ञान नगर, अजय अग्रवाल, सुमित अग्रवाल रेत, गणेश अग्रवाल एवं प्रणय अग्रवाल तथा महिला कार्यकारिणी में रिंकू अग्रवाल, दीपिका पोतदार, नीतू अग्रवाल एवं रेखा अग्रवाल की नियुक्ति की गई. बैठक में महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल के साथ संस्थापक ओमप्रकाश चायवाले, रत्नेश गोयल तथा प्रमुख परामर्शदाता राजेंद्र गर्ग समर्पण भी उपस्थित थे. इस अवसर पर सलाहकार मंडल की ओर से ओमप्रकाश अग्रवाल रेतवाले, शांतिलाल अग्रवाल, महेश गोयल नवनीत, मुकेश ब्रजवासी, शिव जिंदल, उमेश अग्रवाल हनी, सजन अग्रवाल, अनिल आरटीओ, महेश श्रीजी, विनोद टेंट एवं श्रीमती अनीता ऐरन ने भी अपने विचार रखे. कार्यक्रम में संरक्षक किशोर गोयल एवं अन्य पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया।

## रैंप वाक कर दिखाई प्रतिभा



**इंदौर.** सेंट्रल मॉल इंदौर में संस्था इंदोरियंस द्वारा बॉलीवुड थीम पर आयोजित इंडियन कल्चर फैशन शो का शुभारंभ आयोजक रवि गुप्ता, उमा त्रिवेदी, प्रमोद वर्मा के साथ आमंत्रित अतिथिगण व लायंस क्लब के सदस्य पीडीजी एसपी नामदेव ,लायन दिनेश कुमार रणधर, रिंकी जयसिंघानी चुग द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया. फैशन शो में 10 वर्ष से छोटे बालक बालिकाओं, युवाओं, मिस व मिसेज युवती प्रतिभागियों ने रेंप वॉक कर शानदार प्रदर्शन किया. साक्षी सुन्दररानी व खुर्शीद जायसवाल ने जज की भूमिका निभाते हुए प्रथम द्वितीय तृतीय विजेताओं की घोषणा की. विजेताओं को आमंत्रित अतिथिगण व वरिष्ठ लायन दिनेश कुमार रणधर ने प्रथम विजेता मिस मानसी, मिसेस दीप्ती माहेश्वरी का दुपट्टा व क्राउन द्वारा व बालक बालिकाओं व युवा प्रत्याशियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया. आयोजक रवि गुप्ता, उमा त्रिवेदी मेम, प्रमोद वर्मा कोरियोग्राफर, फोटोग्राफर, एंकर के प्रयासों की सराहना करते हुए लायन दिनेश रणधर ने कहा कि इस तरह के शो से प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ेगा व भविष्य में वे मॉडलिंग और फैशन शो के श्रेत्र में और अच्छी कामयाबी पूरे देश में हासिल कर सकेंगे.

## गुणानुवाद सभा में विद्वानों ने की भविष्यवाणियां



**इंदौर.** सोना होगा ढाई लाख पार, वर्ष 2034 तक जंबूद्वीपे, भरतक्षेत्रे, आर्यखण्डे - विश्वयुद्ध का केन्द्र बन सकता है जिसमें अमेरिका, चीन, पाकिस्तान की प्रमुख भूमिका रहने वाली है. इसी प्रकार की अनेकों भविष्यवाणियां देश विदेश से आये हुए विद्वानों ने व्यक्त की. ज्योतिषाचार्य एमके जैन एवं पं. संजय शर्मा ने बताया कि माहेश्वरी परिसर महेश नगर में पाटनवाले गुरुजी की स्मृति में आयोजित गुणानुवाद सभा में राघव भट्ट जयपुर, मनीष व्यास शिकागो, महामंडलेश्वर नवीन, प्रेमानंद, कृपाराम उपाध्याय भोपाल, पूर्व कुलगुरु डॉ. विजय कुमार सल्वीय,भारत जोशी, दिनेश शर्मा, संतोष भार्गव, सुरेश शर्मा, सुदर्शन गुप्ता, दिलीप राजपाल, जीतू बाबा, छड़ीवाले बाबा उज्जैन आदि ने कृतज्ञांजलि व्यक्त की. प्रारंभ में मंगलाचरण स्वरूप पूजन विधि जयदीप दुबे ने सम्पन्न करायी अतिथियों का स्वागत, जितेंद्र गुप्ता, स्मृति आचार्य, ज्योति सिंगोंड, अष्टांगिनी, सोनिया सोनी, नीतू मित्तल, भारत जोशी, शुभा जोशी, ईशा जैन, गौरव गुप्ता, आनंद परमार, श्री राम पांचाल, बलराम चौहान, नारायण वैष्णव, रमेश यादव, श्रीराम शर्मा, अजय भारतीय, कैलाशचंद्र त्रिवेदी आदि ने किया, प्रकांड विद्वानों को योग्यता अनुसार स्मृति चिन्ह, अभिनंदन पत्र, शाल, श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का संचालन गिरीश व्यास ने किया. आभार नीरज शर्मा ने माना.

## ऑफिसर्स म्यूजिकल नाइट का आयोजन



**इंदौर.** रविंद्र नाट्यग्रह में संस्था स्वरम द्वारा ऑफिसर्स म्यूजिकल नाइट का कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम में इंदौर आरटीओ, इंदौर ट्रैफिक पुलिस, उच्च न्यायालय एवं अन्य विभागों के अधिकारीगणों ने सुरसाधना, गायन विधा में अपना लोहा मनवा दिया. हाल में 1000 के लगभग श्रोतागण उपस्थित थे. राजेश गुप्ता आरटीओ ने कार्यक्रम की शुरुआत अपने सुरीले गीत से की. संजय चित्रकार, संतोष कोल एवं फीमेल सिंगर में हेमा मचाया, वंदना गुप्ता ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति देकर लोगों से खूब दाद बटोरी. राकेश त्रिपाठी ने ट्रैफिक में अपने स्वयं की सुरक्षा के लिए सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. आमंत्रित गणमान्य नागरिक एवं डीसीपी पुलिस क्राइम, जीएसटी, आरटीओ के उच्च अधिकारियों के साथ वरिष्ठ लायन दिनेश रणधर एवं अशोक गुप्ता को भी आमंत्रित किया गया था जिन्होंने सभी कलाकारों का मंच पर अभिनंदन किया.



# पुलिस के बेड़े में आए हाईटेक ड्रोन, सीपी ने लिया लाइव डेमो

- अपराधियों और ट्रैफिक व्यवस्था पर आसमान से भी रखी जाएगी नजर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में अपराधियों और ट्रैफिक व्यवस्था पर नजर रखने के लिए इंदौर पुलिस आसमान का सहारा भी ले रही है. स्मार्ट पुलिसिंग के तहत पुलिस कमिश्नरेट ने अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक को अपने कामकाज में शामिल करने की शुरुआत कर दी है. बुधवार को डीआरपी लाइन में इन ड्रोन का लाइव डेमो भी दिया गया.**

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में शुरू इस पहल के तहत हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में ड्रोन पेट्रोलिंग की जाएगी. ड्रोन के जरिए असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट और भीड़ नियंत्रण में भी मदद ली जाएगी. डेमो के दौरान हाई-रिजॉल्यूशन कैमरा, रियल टाइम वीडियो ट्रांसमिशन, नाइट विजन, लाइट और माइक से लैस ड्रोन का प्रदर्शन किया गया. अधिकारियों ने बताया कि इससे मौके की सटीक जानकारी तुरंत कंट्रोल रूम तक पहुंचेगी और कार्रवाई तेज होगी. इस दौरान खास तौर पर फायर फाइटिंग ड्रोन, फायर बॉल एक्सटिंग्विशिंग ड्रोन और सन ड्रोन (टेथर्ड व नॉन-टेथर्ड) का प्रदर्शन किया गया. इनका उपयोग आगजनी, दुर्घटना और अन्य आपात स्थितियों में राहत व बचाव कार्यों में भी किया जाएगा.

### ड्रोन तकनीक से पुलिसिंग ज्यादा प्रभावी और पारदर्शी बनेगी

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि इस तकनीक से पुलिसिंग ज्यादा प्रभावी और पारदर्शी बनेगी. ड्रोन के जरिए जहां संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी रखी जाएगी, वहीं ट्रैफिक नियंत्रण और आपात स्थिति में तुरंत रिस्पॉन्स संभव होगा. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह, डीसीपी कुमार प्रतीक, कृष्ण लालचंदानी, राजेश व्यास, आनंद कलादगी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. ड्रोन लैब टेक्नोलॉजी की टीम ने लाइव प्रदर्शन किया.

# धार में दर्दनाक सड़क हादसा, 12 की मौत

- पीएम ने 2-2 लाख, सीएम ने 4-4 लाख मुआवजा घोषित किया
- मजदूरों से भरी पिकअप टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो से टकराई, कई बार पलटी, मृतकों में दो बच्चे शामिल



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. धार में बुधवार रात भीषण सड़क हादसे में दो बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई और 13 गंभीर घायल हैं. हादसे पर प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार, जबकि मुख्यमंत्री ने मृतकों के लिए 4-4 लाख, गंभीर घायलों को 1-1 लाख और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपए मुआवजे की घोषणा की है.**

इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिकलिया फाटा के पास जियो पेट्रोल पंप के नजदीक रात करीब साढ़े 8 बजे यह हादसा हुआ. मजदूरों से भरी पिकअप में करीब 35 लोग सवार थे. तेज रफ्तार में चल रही पिकअप का टायर अचानक फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर रॉन्ग साइड में पहुंचा और सामने से आ रही स्कॉर्पियो से टकरा गया. टक्कर के बाद पिकअप तीन-चार बार पलट गई. हादसे में मौके पर ही कई लोगों की जान चली गई.

### गंभीर घायलों को इंदौर रेफर किया

जिला अस्पताल सूत्रों ने नव भारत को बताया कि 10 गंभीर घायलों को इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर किया है. मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है. वहीं एसपी मयंक अवस्थी ने नव भारत से चर्चा करते हुए कहा कि तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोना हादसे की बड़ी वजह रही. टायर फटने के बाद पिकअप सीधे डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में घुस गई, जहां स्कॉर्पियो से आमने-सामने टक्कर हो गई. मामले में अभी पड़ताल की जा रही है. वहीं हादसे के बाद प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज किया.

### संभागायुक्त, आईजी को मौके पर भेजा

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के निर्देश पर इंदौर संभागायुक्त और आईजी को मौके पर भेजा है. उन्हें सभी घायलों का इलाज निःशुल्क कराने के निर्देश दिए गए हैं और इंदौर के अस्पतालों को भी अलर्ट किया गया है. घटना पर केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना.



# पालाखेड़ी में लकड़बग्घों की दहशत वन विभाग ने लगाया पिंजरा

**इंदौर. अरबिंदो अस्पताल और सुपर कॉरिडोर के आसपास के गांवों में लकड़बग्घों की लगातार आवाजाही से दहशत बनी हुई है. पालाखेड़ी में वन विभाग ने उन्हें पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है.**

जानकारी के अनुसार हाल ही में लिम्बोदागरी में एक मजदूर पर हमले के बाद लकड़बग्घों का मूवमेंट बढ़ा है. झुंड बनाकर वे छोटे मवेशियों का शिकार कर रहे हैं. ग्रामीणों ने मवेशी का शिकार करते हुए वीडियो भी विभाग को सौंपा है. फॉरेस्ट रेंजर संगीता ठाकुर ने बताया कि स्थिति को देखते हुए वन विभाग द्वारा इलाके में गश्त बढ़ाकर मुनादी करवाई जा रही है और पिंजरे में मांस रखकर लकड़बग्घों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है.

# वाहन चालकों को एयर होस्टेस स्टाइल में दी ट्रैफिक नियमों की सीख

- यातायात पुलिस ने किया पलासिया चौराहे पर अनोखा प्रयोग



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और सड़क हादसों को देखते हुए यातायात पुलिस ने जागरूकता का अनोखा तरीका अपनाया. पुलिस ने बुधवार को पलासिया चौराहे पर एयर होस्टेस स्टाइल में ट्रैफिक नियम समझाए, जिसने राहगीरों और वाहन चालकों का ध्यान अपनी ओर खींचा.**

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह के मार्गदर्शन में, डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया. मौके पर टीआई अरविंद दांगी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे. अभियान में एक इंस्टीट्यूट की ट्रेनी एयर होस्टेस ने विमान में दिए जाने वाले सुरक्षा निर्देशों की तर्ज पर इशारों और संकेतों के जरिए ट्रैफिक नियम समझाए. उन्होंने रेड सिग्नल पर रुकने, सीट बेल्ट लगाने, दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने के संदेश दिए.

### नियमों का पालन कराने के लिए नवाचार जरूरी

इस अलग तरह का प्रदर्शन देखने के लिए चौराहे पर वाहन चालकों की भीड़ लग गई. कई लोग रुककर इस प्रस्तुति को देखते रहे और मोबाइल में वीडियो भी बनाते नजर आए. ट्रैफिक पुलिस ने इस दौरान नियमों का पालन नहीं करने वालों को समझाइश भी दी. एसीपी हिन्दू सिंह मुवेल ने बताया कि आमतौर पर लोग ट्रैफिक नियमों को नजरअंदाज कर देते हैं, इसलिए इस तरह के नवाचार जरूरी हैं. एयर होस्टेस की शैली में दिए गए संदेश लोगों को आसानी से समझ आते हैं और वे इसे गंभीरता से लेते हैं. हमारा उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना और सड़क हादसों में कमी लाना है. कार्यक्रम में संस्थान संचालक राहुल पांडेय और उनकी टीम के साथ ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी, जवान और वार्डन्स भी मौजूद रहे. इस दौरान अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग दें.

# भजनों के साथ गूंजे जय नरसिंह के उद्घोष

- दो दिवसीय जयंती महोत्सव का भव्य शुभारम्भ



**इंदौर.** छत्रीबाग स्थित श्री जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा स्थित प्राचीन लक्ष्मी नरसिंह मंदिर पर बुधवार को सुबह भक्ति, परम्परा, संस्कृति और आस्था-श्रद्धा का मनोहारी समन्वय देखने को मिला, जब सुबह 21 विद्वानों के निर्देशन में हजारों बंधुओं ने शंख, घंटे-घड़ियाल की मंगल ध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हरि नन्दलाल भजो, नरसिंह गोपाल भजो.... और जय नरसिंह के उदघोष से समूचे मंदिर परिसर को गुंजायमान बनाए रखा.

सुबह 7 बजे से भक्तों के आगमन का क्रम शुरू हो गया था जो 11.30 बजे तक चलता रहा. श्री जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा उत्सव समिति के अरुण पोरवाल, सभा के अध्यक्ष रामदयाल फरकिया एवं महोत्सव के मुख्य यजमान समाजसेवी जगदीश कन्हैयालाल गुप्ता खेजडियावाला ने बताया कि आचार्य पं. कुबेर एवं आचार्य पं. दिनेश महाराज के निर्देशन में 21 विद्वानों ने सुबह जैसे ही शंख, घंटे-घडियाल की मंगल ध्वनि के बीच वैदिक मंत्रोच्चार प्रारम्भ किया, समाज बंधुओं का उत्साह चरम पर पहुँच गया. भगवान के जयघोष और भजनों की गूँज शरू हो गई. इस अवसर पर समाज की ओर से श्याम राणापुर, सुभाष धनोतिया, पुष्पेन्द्र धनोतिया, श्रीकृष्ण घरिया, लेखराज कारा, चंद्रशेखर पोरवाल, रामस्वरूप पोरवाल, देवेन्द्र अंगूठी, बलराम गुप्ता एवं मातृशक्ति की ओर से हेमलता घाटिया, मंजू धनोतिया, प्रियंका गुप्ता एवं सुधा मेहता सहित 2 हजार से अधिक समाज बंधुओं ने पंचामृत, 7 तरह के फलों तथा पूजन सामग्री से भगवान का महाभिषेक कर उनसे समाज, शहर एवं राष्ट्र में सुख, शांति और सद्भाव के लिए प्रार्थना की. इस दौरान समूचा परिसर भजनों और जयघोष से गूंजता रहा.

### आज निकलेगी शोभायात्रा

उत्सव समिति के अरुण पोरवाल ने बताया कि गुरुवार 30 अप्रैल को सुबह 8 बजे छत्रीबाग स्थित मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें एक रथ पर भगवान लक्ष्मी नरसिंह अपने भक्तों को दर्शन देने एवं दूसरे स्वर्ण अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के आचार्य जगदगुरु स्वामी रामदयाल महाराज समाज बंधुओं एवं शहरवासियों को आशीर्वाद देते हुए शामिल होंगे.

# ट्रैफिक पुलिस ने बनाए 118 के चालान, 72 के लाइसेंस निलंबित

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस वाहन चलाते समय मोबाइल इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है. इस विशेष अभियान के तहत 118 वाहन चालकों के चालान बनाए गए, जबकि 72 के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिए गए.

कार्रवाई के दौरान ऐसे चालकों को चिन्हित किया गया था, जो ड्राइविंग के दौरान मोबाइल पर बात करते या उसका उपयोग करते पाए गए. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह लापरवाही न केवल खुद चालक, बल्कि सड़क पर अन्य लोगों के लिए भी गंभीर खतरा बनती है और हादसों की बड़ी वजह है. यातायात पुलिस के अधिकारियों के निर्देशन में शहरभर में लगातार यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके. सघन चेकिंग के दौरान नियम तोड़ने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की गई.

### पुलिस ने वाहन चालकों से की अपील...

वहीं पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें. जरूरत होने पर वाहन को सुरक्षित स्थान पर रोककर ही फोन का इस्तेमाल करें और सभी यातायात नियमों का पालन करें. डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# बाइक सवारों पर अज्ञात बदमाशों ने किया हमला, 2 की मौत, 1 गंभीर

- विवाह समारोह से दो बाइक से लौट रहे थे तीनों युवक
- जानापाव मुक्ति धाम के पास हुई वारदात

**महू. मानपुर रोड पर बीती रात करीब 12.30 बजे विवाह समारोह से लौट रहे तीन युवकों पर जानापाव मुक्ति धाम के पास हुए हमले में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है.**

जानकारी के मुताबिक, प्रारंभिक तौर पर पुलिस घटना को सड़क दुर्घटना मान रही थी, लेकिन घटनास्थल से चाकू मिलने और घायल युवक के बयान ने मामले को नया मोड़ दे दिया. परिजनों ने आरोप लगाया कि यह महज एक्सीडेंट नहीं, बल्कि सुनियोजित हमला है. मृतकों की पहचान शैलेंद्र सिंघाड़े (30) निवासी ग्राम कुवाली और अतुल मकवाना (21) निवासी ग्राम जामली के रूप में हुई है, जबकि बलराम नामक युवक गंभीर घायल है, जिसे इलाज के लिए महू के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

परिजनों के अनुसार तीनों युवक अपने मित्र के विवाह समारोह से दो अलग-अलग मोटर साइकिलों से लौट रहे थे. इसी दौरान जानापाव के पास 5 से 6 अज्ञात युवक दोपहिया वाहनों पर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया. आरोप है कि बलराम के पैर पर चाकू से वार किए गए, जबकि अतुल के सीने पर वार किए गए, जिससे उसकी मौत हो गई. घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को मानपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने शैलेंद्र और अतुल को मृत घोषित कर दिया, जबकि बलराम की हालत गंभीर होने पर उसे महू रेफर किया गया.

एक नजर में

फिक्की फ्लो सदस्यों ने आईआईएम इंदौर में सहभागिता की

# धैर्य, दृढ़ता और संसाधनों के कुशल प्रबंधन का महत्व बताया



**इंदौर. फिक्की फ्लो की चेयरपर्सन वंदना गुजराती के साथ फ्लो की सदस्याओं ने आईआईएम इंदौर में आयोजित एक इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया. यहां उनका संस्थान की इंडस्ट्री इंटरफेस टीम द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया. इस टीम का नेतृत्व निदेशक हिमांशु राय तथा इंडस्ट्री इंटरफेस ऑफिस के चेयरमैन पुण्यश्लोक द्विवेदी ने किया, जिनके साथ श्याम राव और सिल्विया भी उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. राय ने भगवत गीता के संदर्भों के माध्यम से महिला उद्यमिता पर अपने विचार साझा किए. उन्होंने महिला उद्यमियों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों जैसे संसाधनों की कमी, आत्म-निराशाजनक सोच और असफलता के भय पर प्रकाश डाला. उन्होंने धैर्य, दृढ़ता और संसाधनों के कुशल प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया. स्व-नेतृत्व पर बात करते हुए उन्होंने महिलाओं को अपनी पहचान निर्धारित भूमिकाओं से आगे बढ़कर बनाने, सीखने के लिए खुले रहने और व्यक्तिगत व सामाजिक विकास की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया.

### सही होने के आधार पर करें अपने कार्य

प्रो. राय ने अपने संबोधन का समापन सही निर्णय लेने के महत्व पर जोर देते हुए किया. उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने कार्य परिणामों की अपेक्षा के बजाय सही होने के आधार पर करने चाहिए. इस सत्र में सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जहां उन्होंने विचार-विमर्श और संवाद के माध्यम से इसे एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव बनाया.